राज
कॉमिक्स
मूल्य 15.00 संख्या 19
नागराज
की कब्र
नागराज
का एक पोस्टर
मुफ्त
PRATAP
e Comic

नागराज की कब्र

कथा: परशुराम शर्मा चित्रांकन: संजय अष्टपुत्रे सम्पादक: मनीष चन्द्र गुप्त

कुख्यात वैज्ञानिक प्रो. नागमणि ने नागराज का निर्माण आतंकवादी गिरोहों के लिये किया। एक ऐसा शस्त्र जो प्रत्येक परिस्थिति का मुकाबला कर सकता था। महाशक्तिशाली नागराज को आतंकवादी गिरोह के सरदार बुलडाग ने किराये पर प्राप्त कर लिया और नागराज ने आसाम में विनाश प्रारंभ कर दिया – लेकिन एक शक्तिमान् योगी महात्मा गोरखनाथ ने नागराज को अपनी गुप्त शक्तियों के बल पर पकड़ लिया फिर नागराज के मस्तिष्क का आप्रेशन कर उसे प्रो. नागमणि के चंगुल से मुक्त कर दिया। तब नागराज नेकी के रास्ते पर निकल पड़ा और उसने कसम खाई कि वह दुनिया से सभी आतंकवादी गिरोहों का सफाया कर देगा।

एक रात का सफर तय करने के बाद नागराज सुबह ही साकू कबीले जा पहुँचा।
यह मेरे लिये स्वर्णिम सवेरा है जो इन लोगों के लिये तबाही का अंधेरा लेकर आया है।

नागराज बस्ती के एक खस्ता हाल होटल में जा पहुँचा।
क्या तुम शेखू को जानते हो? वह इसी बस्ती में रहता है।
शेखू! ठहरो... यहां बैठो...

पता नहीं शेखू का नाम सुनकर यह क्यों घबरा गया...?

उधर होटल मालिक होटल के पिछवाड़े जा पहुँचा।
अगर यह वही आदमी हुआ तो मुझे वह दौलत जरूर मिलेगी जो इस पर लगाई गयी है।

पास ही के एक झोपड़े में वह घुसा।
शोमो सुनकर खुश होगा।

शोमो! मैं एक अच्छी खबर लेकर आया हूं।
फिर तो मैं सुबह-सुबह तुम्हारा मुंह कड़वा जरूर करूंगा।

शेरखू ने मुझे उसका हुलिया बताया था। उसका कहना था कि इस हुलिये का आदमी कभी नजर आये तो तुरंत उसे खबर करके पांच हजार रुपये इनाम हासिल कर लूं।

बेवकूफ! जिस आदमी को शेरखू तलाश कर रहा है, वह खुद शेरखू को तलाश करने उसी की मांद में क्यों आयेगा?
मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानता, लेकिन हुलिया वही है... सांप जैसी आंखें... उसकी खास पहचान है मेरा दिल कहता है कि यह वही आदमी है।...

...जरूर वह मूर्ति लेकर आया होगा। इससे पहले कि वह शेरखू के सम्पर्क में आये हम काम कर सकते हैं।

सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि यह वही मूर्ति चुराने वाला है या कोई और? तुम उसे शेरखू से मिलाने के बहाने झींगा गार में ले आओ।

लेकिन याद रहे इस मामले में हमारी पार्टनरशीप फिफ्टी-फिफ्टी होगी...।
शराब का खर्चा निकालकर जो मिलेगा आधा-आधा..

यह रोमो मर जायेगा— लेकिन शराब नहीं छोड़ेगा।

होटल मालिक वापिस होटल में लौट आया।
ऐ मिस्टर चलो! तुम्हें शेरखू से मिलवा दूं।
चलो!

सचमुच वही है। बिल्कुल यही हुलिया बताया था शेरू ने।

अब तुम इस गार में उतर जाओ। मुझे यहीं से वापस लौटना है।
धन्यवाद दोस्त! तुमने मुझे यहां तक का रास्ता दिखाया।

रोमो – वह झींगा गार में उतर चुका है। और यह शतप्रतिशत वही आदमी है। उसका नाम नागराज है।
हूं – अब तुम होटल पर मेरा इंतजार करो।

सबसे पहले मुझे इस गार का रस्ता बन्द करना होगा फिर चोर रास्ते से अन्दर जाऊंगा।
मेरा बेवकूफ दोस्त कालू कहता था कि शराब ने मेरी ताकत छीन ली – लेकिन अब भी मैं इन चट्टानों को उठा सकता हूं।
अगर मेरा बेवकूफ दोस्त मुझे चट्टान उठाते देख लेता तो शायद गश खाकर बेहोश हो जाता।

यह पतली दरार... अपने शरीर की मांस-पेशियां सिकोड़ने की कला जिसे आती हो वही ऐसे चोर दरवाजे पार कर सकता है...

गार में—
नागराज SSS क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो?

अगर मेरी आवाज सुन रहे हो तो जवाब दो।
हां। मैं तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं।

उसकी आवाज तीसरे मोड़ वाली गुफा से आ रही है। इस गार की आवाजों का अनुमान सिर्फ मैं ही लगा सकता हूं।

यहां आवाज गूंजती है, जरा सी आवाज पूरे गार में सुनाई पड़ती है और अंदाजा लगाना मुश्किल होता है कि आवाज कहां से आई है।

हैरान होने की जरूरत नहीं नागराज - मैं ठीक तुम्हारे पीछे खड़ा हूं।
!

क्या तुम शेख़ हो...?
हां- मैं ही शेख़ हूं... मूर्ति कहां है नागराज ?

पहले मैं तुम्हारी पहचान करूंगा कि तुम शेख़ ही हो या कोई और। अपनी दायीं हथेली दिखाओ।

तुम शेख़ नहीं हो। बुलडाग के सभी क्षेत्रीय सरदारों के हाथ में एक चिन्ह गुदा होता है। वह तुम्हारी हथेली पर नहीं है।

ये रहा मेरी हथेली का निशान...

मैं मास्टर रोमो हूं। रोमो जो इस दुनिया में सिर्फ एक है और अकेला है जिसके पुरखे ताकत की पूजा करते थे। और जो मुझे विरासत में मिली है।

मार्शल आर्ट्स में इसे मंकी ब्लो कहते हैं नागराज।

यह हाथापाई बन्द करो और पहले मेरी बात सुनो।
मास्टर रोमो अपने प्रतिद्वन्द्वी को बोलने का मौका जरूर देता है। बोलो...।

तुमने मुझे यहां बुलाकर घेरने की कोशिश क्यों की क्या दुश्मनी है तुम्हारी मुझसे?
हां-यह बात तुम्हें जरूर पूछनी चाहिये इसका तुम्हें हक है।

नागराज तुम वह शख्स हो जो आसाम के पौराणिक मन्दिर से करोड़ों की मूर्ति चुराकर ले गये थे...।

और जिन लोगों के लिये तुमने यह काम किया था, मूर्ति अभी तक उन्हें नहीं पहुंचाई - इसका मतलब वह मूर्ति अभी तक तुम्हारे कब्जे में है और मैं उसे हासिल करना चाहता हूं।
क्या तुम्हारा सम्बंध शेख से है?

कभी था जब मैं उसके लिये भाड़े का कातिल बनकर चंद रुपये पा लेता था। मैंने इस गिरोह के लिये बड़े-बड़े काम किये लेकिन फिर मुझे इस कारोबार से नफरत हो गयी और मैंने शेख के लिये काम करना छोड़ दिया।
लेकिन मैं तुम्हें यह सब बातें बताने नहीं आया हूं - मैं तुमसे मूर्ति हासिल करने आया हूं।

मूर्ति मेरे पास नहीं है और न ही तुम उसे हासिल कर सकते हो।

ठाक
ठाक
ठाक
ठाक

२गॉय

आदमी जानदार है, लेकिन अक्ल दुरुस्त नहीं है। इसकी अक्ल दुरुस्त करनी होगी।

ओह! तो तुम मार्शल आर्ट्स भी जानते हो... और यह है तुम्हारा असली रूप।

ठाक

स्नेक हैन्ड का माहिर है।

ठाक
ठाक
ठाक

तड़ाक
आह!

ठाक
तड़ाक

स्वाय
स्वॉय
मैं चाहूं तो तुम्हारी जिन्दगी छीन सकता हूं रोमो... भले ही तुम मास्टर हो लेकिन मेरे मुकाबले नहीं ठहर सकते!
पहली बार मेरा पाला किसी उस्ताद से पड़ा है मैं अपनी शिकस्त कबूल करता हूं।

तुम चाहो तो मेरी जिन्दगी छीन सकते हो क्योंकि मैंने तुम्हारे साथ बहुत बुरा सलूक किया – शीगा गार में फंसा मेरा शिकार आज तक निकल नहीं पाया – तुम पहले व्यक्ति हो – जिसकी शक्ति अपरम्पार है।

मैं तुम्हारी गुस्तारवी को माफ करता हूं।
लेकिन गिरोह के लोग इस गुस्तारवी की सजा मुझे जरूर देंगे।

मैं कुत्ते की मौत नहीं मरना चाहता हूं इसलिये बेहतर है कि तुम मुझे यहीं कत्ल कर दो।

जिस गिरोह की बात तुम कर रहे हो, वे मेरे दुश्मन हैं। मैं इस बुराई के विरुध्द लड़ने वाला एक सिपहसलार हूं। मूर्ति उसी मन्दिर में पहुंच चुकी है जहां से चुराई गयी थी।
अगर यही बात है तो मैं तुम्हारा सिपाही बनकर कुत्ते की मौत मरने के लिये भी तैयार हूं।

सिपाही नहीं दोस्त।
नागराज! तुम सचमुच महान हो।

मैं बाहर निकल कर गार का दहाना खोलता हूं।
इसकी कोई जरूरत नहीं है दोस्त, मैं भी तुम्हारी तरह इस दरार से निकल सकता हूं।

दोनों गार से बाहर निकल आए –
रोमो! जब उन लोगों को पता चलेगा कि तुम विद्रोहीहो गए हो तो?
नहीं! इसका उन्हें कुछ पता नहीं चलेगा, क्योंकि अब मैं उनके लिए काम नहीं करता हूं।

एक बात याद रखना रोमो! मैंने तुम्हें अपना दोस्त बनाया है इसलिए तुम बुलडाग के बारे में सच-सच बताओगे।

...इस खेल में तुम विभीषण की भूमिका अदा करोगे और मैं राम की। इस तरह रावण की लंका भस्म हो जायेगी।

अभी हम शेख के पास चल रहे हैं– लेकिन उसे हमारी योजना का पता नहीं चलना चाहिये
अब मुझे फिर शराब की तलब महसूस हो रही है।

दोनों वापिस उसी बस्ती में लौट आये
हम रात के अंधेरे में शेख तक पहुंचेंगे।

बस्ती में अंधेरा फैल गया
अब यह शराब पीनी बन्द करो और मुझे शेख के पास ले चलो।
हां– अब तक वह अफीम की खेती से लौट चुका होगा।

यह जो गोल घेरे में झोंपड़ियां बनी हैं–सब शेख की हैं- इसके बीच एक बड़ा दालान है जिस पर शेख का मकान खड़ा है।

इस गेट से अन्दर आया जाता है।
गेट पर स्टेनगन-धारी खड़े हैं।

वहीं रुक जाओ कौन हो तुम लोग!
अबे मैं शोमो हूं गधे की औलाद! तुम सबका बाप...
यह शराबी बासका मुंह लगा है- लेकिन इसके साथ कौन है?

यह मेरा भाई है काम मांगने आया है। शोमो की इतनी बेकदरी कि तुम उसे रोकने की हिम्मत कर सको...
जाने दो- इससे मुंह क्यों लगाते हो
ठीक है जाओ!

शेख दालान में बैठा था।
शोमो आया है बास... अपने भाई को साथ लाया है।
उसे यहां भेज दो!

मैं शोमो का भाई नहीं हूं और तुमसे अकेले में बात करना चाहता हूं।
क्या मतलब? कौन हो तुम?

नागराज!

नागराज!?

सबूत चाहिये तुम्हें इसका?
नहीं मुझे इसकी जरूरत नहीं, रोमो किसी गलत आदमी को यहां नहीं ला सकता।

तुम सब लोग नागराज के स्वागत के लिये जश्न की तैयारी करो...।

हम तुम्हें तलाश कर रहे थे नागराज। रोमो तुम्हें कहां मिला?
करीब के जंगलों में रास्ता भटक गया था। वहां रोमो मुझसे टकरा गया और फिर मुझे यहां ले आया।

नागराज के स्वागत में जश्न मनाया गया।

तुम्हारे संबंध में बहुत चर्चा सुनी है नागराज– क्या अपनी कला का प्रदर्शन करोगे?

मैं अपनी कला को सार्वजनिक प्रदर्शन की चीज नहीं समझता।

हैल्लो... शेरवू ग्रुप नम्बर फाईव ऑन द लाईन ओवर।
हेडक्वार्टर जीरो... कन्ट्रोल स्टेशन ओवर!

नागराज आगया है स्टेशन फाईव में मौजूद है और सुपर बास से मुलाकात करना चाहता है ओवर...
जवाब का इंतजार करो... ओवर...

कुछ समय उपरान्त –
सुपर बास का हुक्म है कि नागराज को खत्म कर दो।
नागराज को खत्म... हैल्लो... मेरे कानों को धोखा तो नहीं हुआ?

नागराज ने हमसे गद्दारी की है– उसे खत्म कर दो ओवर एन्ड ऑल।
!?

शेरवू ने अपने वफादार साथियों को तुरंत बुलाया।
चारों तरफ मोर्चा बन्दी करदो नागराज किसी भी रास्ते से निकलने न पाये उसे खत्म करने का ऐलान है।
ओ.के. बॉस!
वह बचकर नहीं निकल सकता

फिर शेख ने रोमो को तलब किया।
बहुत दिनों से मैंने तुमसे काम नहीं लिया... क्या तुम्हारी ताकत आज भी बरकरार है या शराब ने तुम्हें खोखला कर दिया?
काम बताओ उस्ताद। और काम की कीमत बताओ ... तुम्हें आम खाने से मतलब होना चाहिये - पेड़ गिनने से नहीं।

तुम्हें नागराज की हत्या करनी है!
क्या?
वह तुम पर यकीन करता है - तुम उसे आसानी से ठिकाने लगा सकते हो।

और अगर वह तुमसे बच निकला तो बाहर दूसरे लोग उसके स्वागत के लिये तैयार मिलेंगे- एक लाख रुपया नगद मिलेगा।
एक लाख रुपया! इसके लिये तो मैं अपना भी कत्ल कर सकता हूं।

लेकिन क्या मैं पूछ सकता हूं यह फैसला अचानक कैसे हुआ?
सुपर बॉस का आर्डर आया है।

रोमो नागराज के पास पहुंचा जो एक झोपड़ी में शेख का मेहमान बना हुआ था।
तुम्हारे कत्ल का फरमान लेकर आया हूं।
इसका मतलब भेद भेद नहीं रहा...!

ओह! शेरषू!! तुम हमारी बातें सुन रहे थे!

मैं अपने कमरे में बैठकर भी तुम्हारी बातें सुन सकता था, देखो इस गुलदस्ते में क्या है?

सुपर बास के हुक्म के बाद ही तो मुझे तुम्हारी गद्दारी का अहसास हो गया रोमो... बहरहाल- अब दोनों मरने के लिये तैयार हो जाओ।

रे टा टा टा

आ...ई...
फरस SS
फरस्स्स्SS

अपने साथियों पर सांपों का हमला होते देख शेरखू भाग खड़ा हुआ।
कम ऑन रोमो...

...जमीन से चिपक जाओ...
धांय धांय
धड़ाम

उनकी गोलियां मेरा पीछा करेंगी... मैं उनका सारा ध्यान अपनी तरफ केन्द्रित रखूंगा... और इस बीच तुम फरार हो सकते हो।
मैं पीठ दिखाकर भागने वालों में से नहीं हूं – तुम्हें यहां अकेले छोड़कर नहीं भाग सकता अस्ताद! अभी मेरा भी कमाल देखो।

ओह! नागराज तो सांप की तरह तेजी से रेंगता निकल गया।

मुझे भी अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहिये।

और-
रेटाटा... टा
धांय धड़ाम

इधर रोमो छप्पर फाड़ कर कूदा और-
धड़ाम
धाक

उधर
फस्स

रे टा...टा...
धाक
धाक
तड़ाक
फरस
जिप्प

शेरखू के अड्डे पर तबाही के बादल मंडराने लगे।
ले अब आग का खेल देख...

फूच्प
फूच्प
स्सांप्ड
स्सांय
स्सांय
स्सांय
स्सांप

तभी-
शेख भाग रहा है।
मगर

शेख को नागराज के नाग ने रोक लिया।

ब... बापरे... स... सांप...

बस्ती में शोर मच गया — लोग बस्ती छोड़कर भागने लगे... झोपड़ियां भीषण आग की लपटों में घिर चुकी थीं।
तू जिन्दा रहकर हमारे काम आ सकता है।

शेमो अब तक नहीं आया...
मैं यहां पहले से तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं उस्ताद!

तुम यह थैले में क्या भर लाये ?
कीमती शराब की बहुत सी बोतलें मिल गयी – मैं समेट लाया।

किसी सुरक्षित जगह चलो।
झींगा गार से अधिक सुरक्षित जगह कोई नहीं।

दोनों झींगा गार पहुंच गये-
शेरू डर के मारे बेहोश हो गया है, इसे होश में लाओ।

यह कुत्ता होश में आ गया उस्ताद !
मेरी आंखों में देख शेरू... शाबाश...

अब तू मीठी नींद सो जा...

नागराज ने शेरवू को अपनी सर्पीली आंखों से सम्मोहित कर डाला।
बुलडाग के अधीन कितने स्टेशन काम कर रहे हैं?
सात...
सातों की पूर्ण जानकारी दो

सम्मोहित अवस्था में नागराज ने शेरवू से बहुत सी बातों की जानकारी हासिल कर ली।
उस्ताद! तुम तो जादूगर भी हो।
शेरवू जैसे छः बास और हैं जो बुलडाग के अधीन काम कर रहे हैं।

इस तरह बुलडाग के गिरोह की रीढ़ में छः जोड़ और बाकी हैं पहले हम इन जोड़ों को तोड़ेंगे।
उसके बाद रीढ़ की हड्डी टूट जायेगी।

यह गार मुझे बेहद पसंद आया। शेरवू को यहीं कैद रहने दो।

मैं भी अपने कैदी यहीं रखना पसंद करता हूं।

अगली सुबह —

यहां से सबसे करीब स्टेशन नम्बर चार पड़ता है। पूरा नक्शा तुम्हारे दिमाग में आ गया होगा रोमो, तुमने यह इलाका घूमा हुआ है।

हां – स्टेशन चार तिब्रू पहाड़ी पर है

मैंने उसकी कलाओं का प्रदर्शन देखा है। वह है ही इस योग्य कि हर सुरक्षा कवच को तोड़ सके। हजारों सांप उसके स्नायुओं में जीते हैं... हमारे पास ऐसी कोई मशीन नहीं है जो नागराज को रोक सके...

...फिर भी एक इंसान ऐसा है जो उसकी रोकथाम कर सके। प्रोफेसर नागमणि..। रेडियो फोन पर नागमणि से हमारी बात कराओ।

प्रोफेसर नागमणि हमने पैसा देकर तुम्हारा हथियार खरीदा था और वह हमें ही डस रहा है।
नागराज ऐसा नहीं कर सकता पूरी बात बताओ...

बुलडाग ने नागमणि को फोन पर सारी बातें संक्षेप में बता डालीं।
होल्ड अप करो-मैं अभी पता लगाता हूं कि नागराज कहां है और क्या कर रहा है।

इस मशीन में नागराज का दिमाग कैद है - अभी सारी स्थिति साफ हो जायेगी।

ओह! इस मशीन से तो उसका सम्बन्ध- विच्छेद हो गया। इसका मतलब वह मेरे कंट्रोल से बाहर हो गया है...

...माइ गॉड! मेरी मेहनत पर पानी फिर गया।

अब तुम्हारी भलाई इसी में है कि अपने सभी बचे-खुचे अड्डों को खाली कर दो... नागराज अब मेरे कंट्रोल में नहीं रहा।
बेवकूफ गधा।

सबसे पहले तो नागराज ने यह गद्दारी की कि मूर्ति चुराकर भी हमें नहीं दी। हमने दंगा भड़काना चाहा वो भी नाकाम हो गया।

इस नागमणि ने भी हमारे साथ धोखा किया है... मैं इन सबको चुन-चुन कर मारूंगा...
सुपर बास! सातवां अड्डा भी तबाह हो गया।

उफ़!
इसका मतलब
अब वह इस जगह से
अधिक दूर नहीं।

सब लोग हेडक्वार्टर
खाली करके कम्पाली
दर्रे में फैल जाओ!

नागराज बुलडाग के हेडक्वार्टर तक पहुंचा।
रोमो
यहां बड़ी अजीब
सी खामोशी
है।
हां-फाटक भी
चौपट खुला है।

वाह! क्या स्वागत है...
वीराना ही वीराना...

फाटक बन्द हो
गया!
और चार दीवारी पर भी
बिजली का करन्ट
प्रवाहित कर दिया गया
होगा।

लेकिन यहां तो कोई भी नजर नहीं आ रहा उस्ताद।
लेट जाओ।

धड़ाम

घुम्म धड़ाम
फाटक या चार दीवारी को मत छूना।

हमारे ऊपर मिट्टी और पत्थरों का रेला उड़ा आ रहा है।

धड़ाम
फिलहाल इस गड्ढे में कूद जाओ।

इस गड्ढे से बाहर निकलो वरना हमारी कब्र यहीं बन जायेगी उस्ताद।
अगर हम बाहर निकले तो हमारे चिथड़े उड़ जायेंगे।

उन्होंने हर इंच पर मौत बिछा दी है... और हमपर उनकी नजर है... सब कुछ दूर से कंट्रोल हो रहा है।

ओह! जमीन में भूकम्प... मिट्टी और पत्थरों का रेला... जमीन पर दरारें पड़ रही हैं।

बस हमारा किस्सा खत्म हो गया उस्ताद। मैं आखरी बोतल मुंह से लगा लूं।

क्या नागराज इस कब्र से बाहर आ सकेगा...?
नागराज की कब्र
SANJAY ASHTAPUTRE
राज कॉमिक्स के आगामी सेट में पढ़िये—'नागराज का बदला'